11 हज़ार दीयों से जगमग हुआ भीम सरोवर



◆ मुक्ताकाशी मंच पर देश भक्ति गीतों से गुंजायमान हुआ मंदिर परिसर

गोरखपुर, १० नवम्बर। प्रत्येक वर्ष कि भाँति इस वर्ष भी गोरखनाथ मंदिर एवं भोजपुरी एसोशियेसन ऑफ़ इंडिया भाई के संयुक्त तत्वावधान में एवं राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में आयोजित दीपोत्सव एवं अमर शहीदों को समर्पित एक दिया शहीदों के नाम में 11000 दिया जलाकर देश के अमर शहीदों को याद किया गया। गोरखनाथ मंदिर स्थित भीम सरोवर पर दीप जला कर एवं मुक्ताकाशी मंच पर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं कर कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने किया, इस अवसर पर मुख्य अतिथि को भाई की ओर से गोरखनाथ जी का फोटो फ्रेम भाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राकेश श्रीवास्तव, डॉ. रूप कुमार बनर्जी, संरक्षक ध्रुव श्रीवास्तव, डॉ. सुरेश श्रीवास्तव, राकेश मोहन, त्रिभुवन मणि तिवारी द्वारा भेंट किया गया, इसके पश्चात राकेश श्रीवास्तव के संयोजन में शहीदों की याद में बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ संदीप पांडेय के निर्देशन में श्री राम वंदना से हुई, अमिता श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत शहीदों की याद में एक देश भक्ति गीत की प्रस्तुति हुई, बंटी बाबा ने भजन प्रस्तुत किया तथा पवन पंछी ने शहीदों की स्मृति में गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया । विवेक विमल चतुर्वेदी ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया।

हैण्डबाल चैम्पियनशिप के लिए टीम चयनित

गोरखपुर, १० नवम्बर। 10वीं एस. एन. पांडेय मेमोरियल जूनियर बालक हैण्डबाल चैम्पियनशिप का आयोजन वाराणसी पब्लिक स्कूल, लोहता, वाराणसी में 17 से 19 नवम्बर तक हो रहा है। इस प्रदेश स्तरीय चैम्पियनशिप के लिए रीजनल स्टेडियम में मण्डल के खिलाड़ियों का आज ट्रायल लिया गया। प्रदर्शन के आधार पर मंडल से कुल 13 खिलाड़ी चयनित हुए, जिनमें एक देवरिया तथा शेष गोरखपुर जनपद के हैं। गोरखपुर से अमित यादव, पवन यादव, धीरज कुमार, मेनी मयंक, हिमांशु यादव, भारतवीर, रोहित, वैभव सिंह, अजीत राज, सत्यवीर यादव, आयुष कुमार व शुभम यादव शामिल हैं। वहीं देवरिया जनपद से शाहिद अहमद यादव को टीम में स्थान दिया गया है। यह जानकारी जिला हैण्डबाल संघ के महासचिव अरविन्द कुमार यादव ने दी है। ट्रायल के दौरान हैंडबॉल कोच नफीस अहमद सहित अन्य मौजूद रहें।

विशेष ट्रेनों में सीटें उपलब्धता जारी



गोरखपुर, १० नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर यात्रियों की सुविधा हेतु अनेक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इन विशेष ट्रेनों में 30 नवम्बर तक के लिये 10 नवम्बर को सायं बर्थ की उपलब्धता है। गोरखपुर से चलने वाली 05101 गोरखपुर-शकूर बस्ती (दिल्ली) त्यौहार विशेष गाड़ी में 15 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 7 बर्थ तथा 29 नवम्बर को वातानुकूलित प्रथम श्रेणी में 15, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 45 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 355 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 04830 गोरखपुर-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 27 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 11 एवं वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 21 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03132 गोरखपुर-सियालदह त्यौहार विशेष गाड़ी में 13 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 95 एवं शयनयान श्रेणी में 255 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05977 गोरखपुर-डिब्रुगढ़ त्यौहार विशेष गाड़ी में 12 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 113 एवं शयनयान श्रेणी में 214 बर्थ तथा 26 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 36 एवं शयनयान श्रेणी में 131 बर्थ उपलब्ध है। बनारस से चलने वाली 05048 बनारस-कोलकाता त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी में 887 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 03528 गोरखपुर-आसनसोल त्यौहार विशेष गाड़ी में 14 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 76, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 350 एवं शयनयान श्रेणी में 394 बर्थ; 21 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 72, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 309 एवं शयनयान श्रेणी में 165 बर्थ तथा 28 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 77, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 342 एवं शयनयान श्रेणी में 370 बर्थ उपलब्ध है। मऊ से चलने वाली 04824 मऊ-जोधपुर त्यौहार विशेष गाड़ी में 24 नवम्बर को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी में 13 बर्थ उपलब्ध है।गाजीपुर सिटी से चलने वाली 01432 गाजीपुर सिटी-हडपसर (पुणे) त्यौहार विशेष गाड़ी में 26 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 60 बर्थ तथा 29 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 41 बर्थ उपलब्ध है। गोरखपुर से चलने वाली 05634 गोरखपुर-नारंगी (गुवाहाटी) त्यौहार विशेष गाड़ी में 15 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 279 बर्थ तथा 29 नवम्बर को वातानुकूलित तृतीय श्रेणी में 186 बर्थ उपलब्ध है। यात्रीगण इन विशेष ट्रेनों में बर्थ आरक्षित कराकर अपनी यात्रा को सुखद एवं आरामदेह बनावें।

चित्रगुप्त पूजन की पूर्व संध्या पर महापौर ने किया भजनों का लोकार्पण

गोरखपुर, १० नवम्बर। श्री चित्रगुप्त मंदिर में आज कायस्थ समाज के आराध्य भगवान श्री चित्रगुप्त की महिमा पर आधारित भजनों का लोकार्पण समारोह श्रद्धा के साथ हुआ। सुप्रसिद्ध लोक गायक डॉ. राकेश श्रीवास्तव के स्वर एवं रचना से सुसज्जित इन भजनों का लोकार्पण महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने किया। इसमें संगीत निर्देशन मुन्ना मिश्रा, स्वर एवं रचना डॉ. राकेश श्रीवास्तव और प्रस्तुति सहायक प्रदीप सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त केवल कायस्थ समाज के आराध्य ही नहीं, बल्कि न्याय, सत्य, विवेक और कर्म के प्रतीक हैं। उनके प्रति आस्था को संगीत एवं भजनों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना एक सराहनीय पहल है। डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने इनकी महिमा को संगीतबद्ध कर सराहनीय कार्य किया है। डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्रति अपनी श्रद्धा एवं आस्था को सुरों और शब्दों के माध्यम से अभिव्यक्त करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम में चित्रगुप्त सभा के अध्यक्ष राजेश चन्द्रा, मंत्री सत्येन्द्र श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, के.के. श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव, संजय वर्मा, अतुल श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, अमर चंद्र सहित अनेक गणमान्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

छठ महापर्व: विशेष ट्रेन का संचलन चंडीगढ़ से एवं बरौनी से 12 को होगा

गोरखपुर, १० नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 04538/04537 चण्डीगढ़-बरौनी-चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन चण्डीगढ़ से 10 नवम्बर (मंगलवार) को तथा बरौनी से 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को किया जायेगा। 04538 चण्डीगढ़-बरौनी आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 10 नवम्बर (मंगलवार) को चण्डीगढ़ से 22 बजे प्रस्थान कर अम्बला कैंट से 23.20 बजे, दूसरे दिन यमुनानगर जगाधरी से 4 बजे, सहारनपुर से 1.05 बजे, मुरादाबाद से 6.20 बजे, बरेली से 7.44 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 11.40 बजे, रायबरेली से 13.15 बजे, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. से 14.40 बजे, वाराणसी जं. से 17.30 बजे, गाजीपुर सिटी से 19.15 बजे, बलिया से 20.15 बजे, सुरेमनपुर से 20.50 बजे, छपरा से 22 बजे, हाजीपुर से 23.50 बजे, तीसरे दिन मुजफ्फरपुर से 1.05 बजे तथा समस्तीपुर से 2.10 बजे छूटकर बरौनी 3.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 04537 बरौनी-चण्डीगढ़ आरक्षित त्यौहार विशेष गाड़ी 12 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को बरौनी से 6.30 बजे प्रस्थान कर समस्तीपुर से 7.55 बजे, मुजफ्फरपुर से 9.20 बजे, हाजीपुर से 10.35 बजे, छपरा से 12.45 बजे, सुरेमनपुर से 13.20 बजे, बलिया से 14.10 बजे, गाजीपुर सिटी से 15.35 बजे, वाराणसी जं. से 17.40 बजे, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. से 20.05 बजे, रायबरेली से 22 बजे, दूसरे दिन लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 25 बजे, बरेली से 5.10 बजे, मुरादाबाद से 6.50 बजे, सहारनपुर से 10.55 बजे, यमुनानगर जगाधरी से 11.27 बजे तथा अम्बाला कैंट से 12.20 बजे छूटकर चण्डीगढ़ 13.20 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 1, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी के 2, वातानुकूलित द्वितीय सह तृतीय श्रेणी का 1, शयनयान श्रेणी के 7 तथा एस.एल.आर. के 2 कोचों सहित कुल 17 कोच लगाये जायेंगे।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर, १० नवम्बर। गुलरिहा पुलिस ने शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का आरोपी व मु०अ०सं० ८७०/२०२६ धारा ६९, ३५२, ३५१(३) भा०न्या०सं० में वांछित रामकिशुन राजभर ऊर्फ रामकिशुन राय पुत्र लोरिक राय निवासी खजुरहिया जंगल डूमरी नं0 2 थाना गुलरिहा को क्षेत्र के ही अकटहवा गांव के समीप से गिरफ्तार करके उसे जेल भेज दिया है। हमारे भटहट बाजार प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार १८ अक्टूबर को क्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को दिये तहरीर में रामकिशुन राजभर उपरोक्त पर आरोप लगाया है कि उसने शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बन्ध बनाया और अब शादी से इन्कार करते हुए गाली गुप्ता देते हुए जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के बाद से फरार आरोपी को आज मुखबिर की सूचना पर एसआई उपेन्द्र कुमार निर्मल अपने सहयोगियों कांस्टेबिल रोहित पटेल, मुकेश खरवार के साथ मिलकर उसे गिरफ्तार करके न्यायालय भेज दिया है।

सरैया में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ आज से

गोरखपुर, १० नवम्बर। सरदारनगर क्षेत्र के सरैया गांव के लाठोरवा टोला में बुधवार 11 नवंबर से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ होगा। कथा का आयोजन यजमान रमेश दीक्षित एवं उनकी पत्नी प्रेमबदा दीक्षित के आवास पर किया जा रहा है। कथा व्यास राघव शुक्ल अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार आयोजन के तहत प्रतिदिन सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक श्रीमद्भागवत महापुराण का परायण पाठ किया जाएगा। इसके बाद सायंकाल 5.30 बजे से रात्रि 10 बजे तक संगीतमय कथा एवं प्रवचन का आयोजन होगा। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, ज्ञान और धर्म से जुड़े प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। सात दिवसीय कथा का समापन 17 नवंबर को पूर्णाहुति के साथ होगा।

इंदिरा बाल विहार व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने अनिल

गोरखपुर, १० नवम्बर। इंदिरा बाल विहार, चटोरी गली गोलघर व्यापार मंडल की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। बैठक में व्यापारियों की सहमति से मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों का चयन किया गया। नई कार्यकारिणी में दीपक जालान को संरक्षक और अनिल कुमार सिंह को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं दिग्विजय सिंह को उपाध्यक्ष तथा रोहित कुमार सिंह को कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा अमन सिंह यादव को महामंत्री, संजय कुमार गुप्ता को मंत्री और ईश्वर चन्द्र दुबे को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसी क्रम में जमाल अहमद सिद्दीकी को संगठन मंत्री तथा विशाल दुबे को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार जताते हुए व्यापारियों के हितों की रक्षा, उनकी समस्याओं के समाधान और व्यापार मंडल को मजबूत बनाने के लिए मिलकर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। नई कार्यकारिणी के गठन से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह है।

बाथरुम में मिला वृद्धा का शव

गोरखपुर, १० नवम्बर। शाहपुर आवास विकास कालोनी में रविवार देररात एक मकान के बाथरुम से वृद्धा का शव पुलिस ने बरामद किया है। लगभग दो दिन पुराने शव से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बरामद किया और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट से महिला के शरीर पर कई जगहों पर चोट के निशान मिले हैं। जिसके बाद हत्या अथवा हादसे की जांच की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार मृतका जामिला देवी (७०) की दो बेटियां और एक बेटा दानिश है, दानिश दुबई रहता है, जबकि एक बेटी शादी के बाद अपने ससुराल रहती है,दूसरी बेटी मानसिक रुप से बिमार बताईजा रही है। जामिला छोटी बेटी के साथ घर में रहती थी।

त्यौहार विशेष गाड़ी का 18 को मुजफ्फपुर और 19 को आनन्द बिहार से होगा संचलन



गोरखपुर, १० नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05281/05282 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर वाया गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन मुजफ्फरपुर से 18 नवम्बर (बुधवार) को तथा आनन्द विहार टर्मिनल से 19 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को किया जायेगा। 05281 मुजफ्फरपुर-आनन्द विहार टर्मिनल त्यौहार विशेष गाड़ी 18 नवम्बर (बुधवार) को मुजफ्फरपुर से 6.30 बजे प्रस्थान कर मोतीपुर से 7.02 बजे, मेहसी से 7.19 बजे, चकिया से 7.30 बजे, पीपरा से 7.40 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 8 बजे, सगौली से 8.27 बजे, बेतिया से 8.52 बजे, नरकटियागंज से 9.35 बजे, हरिनगर से 9.55 बजे, बगहा से 10.27 बजे, गोरखपुर से 15 बजे, बस्ती से 16.03 बजे, गोंडा से 17.35 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 20.10 बजे, हरदोई से 21.40 बजे, शाहजहाँपुर से 22.41 बजे तथा दूसरे दिन मुरादाबाद से 1.40 बजे छूटकर आनन्द विहार टर्मिनल 5 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 05282 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 19 नवम्बर (बृहस्पतिवार) को आनन्द विहार टर्मिनल से 7 बजे प्रस्थान कर मुरादाबाद से 10.20 बजे, शाहजहाँपुर से 12.25 बजे, हरदोई से 13.11 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 15.30 बजे, गोंडा से 18.05 बजे, बस्ती से 19.30 बजे, गोरखपुर से 21.10 बजे, बगहा से 23.47 बजे, दूसरे दिन हरिनगर से 12 बजे, नरकटियागंज से 35 बजे, बेतिया से 1.12 बजे, सगौली से 1.37 बजे, बापूधाम मोतिहारी से 2.05 बजे, पीपरा से 2.35 बजे, चकिया से 2.47 बजे, मेहसी से 3 बजे तथा मोतीपुर से 3.22 बजे छूटकर मुजफ्फरपुर 4.50 बजे पहुँचेगी। इस गाडी में जनरेटर सह लगेज यान का 1, एल.एस.एल.आर.डी. का 1, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 4, शयनयान श्रेणी के 6 तथा वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 10 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

दीये से लगी आग में ५० हजार नगदी सहित कीमती सामान राख

गोरखपुर, १० नवम्बर। गुलरिहा थाना क्षेत्र के जैनपुर टोला हमीदपुर में दीपावली की रात रमेश निषाद के घर में आग लग गई। दीया जला कर परिवार खेत में बने झोपड़ी में सोने चला गया। भटहट प्रतिनिधि के अनुसार रमेश जब सुबह वापस लौटे तब तक सबकुछ जल कर राख हो गया था। बताया जा रहा है कि रमेश की पुत्री रात में बच्ची घर में दीया जलाकर चली गई थी। उसी दीये से आग फैल गई और देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयंकर थी कि घर का सारा सामान जलकर राख हो गया। घर में रखा खाने-पीने का सामान, कपड़ा, साड़ी, कंबल, रजाई, गद्दा सब जल गया।पीड़ित परिवार के मुताबिक बक्से में रखे ५०,००० रुपये नकद और कुछ सोने-चांदी के जेवरात भी आग में जलकर राख हो गए।इस घटना में परिवार को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। अब परिवार के पास पहनने के लिए कपड़े तक नहीं बचे हैं। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल सहायता देने की मांग की है।

त्यौहार विशेष ट्रेन का एल.टी.टी. से 10 व गोरखपुर से 12 को होगा संचलन

गोरखपुर, १० नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा दीपावली के उपरान्त छठ महापर्व पर रेल यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 01027/ 01028 लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) से 10 नवम्बर को तथा गोरखपुर से 12 नवम्बर को किया जायेगा।01027 लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई)-गोरखपुर त्यौहार विशेष गाड़ी 10 नवम्बर को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 14.50 बजे प्रस्थान कर ठाणे से 15.14 बजे, कल्याण जं. से 15.42 बजे, इगतपुरी से 17.35 बजे, नासिक रोड से 18.29 बजे, भुसावल से 22.11 बजे, दूसरे दिन खंडवा से 46 बजे, इटारसी से 4.01 बजे, भोपाल से 6.06 बजे, बीना जं. से 8.31 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 11.06 बजे, उरई से 12.31 बजे, कानपुर सेंट्रल से 15.46 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 17.51 बजे, बाराबंकी से 18.56 बजे, गोंडा से 20.31 बजे, मनकापुर से 21.06 बजे, बस्ती से 22.11 बजे तथा खलीलाबाद से 22.51 बजे छूटकर गोरखपुर 23.50 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में, 01028 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुम्बई) त्यौहार विशेष गाड़ी 12 नवम्बर को गोरखपुर से 5.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 6.12 बजे, बस्ती से 7.17 बजे, मनकापुर से 8.22 बजे, गोंडा से 8.57 बजे, बाराबंकी से 10.32 बजे, लखनऊ (उत्तर रेलवे) से 11.37 बजे, कानपुर सेंट्रल से 13.42 बजे, उरई से 16.57 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी जं. से 18.22 बजे, बीना जं. से 20.57 बजे, भोपाल से 23.22 बजे, दूसरे दिन इटारसी से 1.27 बजे, खंडवा से 4.40 बजे, भुसावल से 7.17 बजे, नासिक रोड से 10.57 बजे, इगतपुरी से 11.50 बजे, कल्याण जं. से 13.44 बजे तथा ठाणे से 14.12 बजे छूटकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 14.30 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 10, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 5, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 1, जनरेटर सह लगेज यान का 1 तथा एल.एस.एल.आर.डी. का 1 तथा सामान्य द्वितीय श्रेणी के 2 कोचों सहित कुल 20 कोच लगाये जायेंगे।

दीपावली पर नगर निगम ने किया कुल 3,719.23 टन कचरे का रिकॉर्ड निस्तारण

गोरखपुर, १० नवम्बर। दीपावली के पावन पर्व के अवसर पर नगर निगम गोरखपुर द्वारा महानगर में स्वच्छता, सफाई एवं नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक स्तर पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 1 नवंबर से 9 नवंबर 2026 के मध्य शहर के प्रमुख मार्गों, व्यावसायिक क्षेत्रों, बाजारों, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थलों, घाटों तथा आवासीय क्षेत्रों में निर्बाध सफाई व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की गई। अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम द्वारा सभी वार्डों में अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की गई और डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण व परिवहन व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया गया। भीड़भाड़ वाले प्रमुख बाजारों एवं मुख्य व्यावसायिक क्षेत्रों में कूड़ा उठान के लिए अतिरिक्त वाहनों की व्यवस्था के साथ-साथ रात्रिकालीन सफाई (नाइट स्वीपिंग) भी सुनिश्चित की गई। इसके अतिरिक्त, सड़कों व नालियों की नियमित सफाई, उचित जल निकासी, सार्वजनिक स्थलों पर चूना व कीटनाशक दवाओं का छिड़काव तथा स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया। इस संपूर्ण सफाई व्यवस्था की निरंतर निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों, जोनल अधिकारियों एवं सफाई निरीक्षकों की विशेष ड्यूटी लगाई गई थी। नगर निगम की गाड़ियों और विभिन्न माध्यमों से 1 नवंबर 2026 से 9 नवंबर 2026 के मध्य एकत्र किए गए कुल 3,719.23 टन (37,19,227 किलोग्राम) उत्सर्जित कचरे का वैज्ञानिक एवं पर्यावरण-अनुकूल निस्तारण सुनिश्चित किया गया। नगर निगम गोरखपुर शहरवासियों को एक स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर संकल्पबद्ध है।

अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता को जन्मदिन की दी बधाई



गोरखपुर,१०नवम्बर। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ महानगर की टीम महानगर अध्यक्ष रमेश प्रताप गुप्ता को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दिया बेनीगंज कार्यालय पर पहुंचकर जन्मदिन मनाया । सौरभ कुमार सिंह गौरव गुप्ता आलोक गुप्ता नवोदित त्रिपाठी दिलीप जायसवाल अपने संयोजक सौरभ कुमार सिंह के नेतृत्व में आदरणीय अमर चौबे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे ने किया छठ पर्व के दौरान स्टेशनों पर विशेष इंतजाम

◆ कल, दिल्ली क्षेत्र से 23 विशेष रेलगाड़ियाँ और 6 अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियाँ (TOD) चलाई गई◆ आज आनंद विहार टर्मिनल से 9, नई दिल्ली से 6, शकूरबस्ती से 5, दिल्ली जंक्शन से 3, हज़रत निज़ामुद्दीन से 3 और रोहतक से 1 रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है

गोरखपुर,१०नवम्बर। दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से 31 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन प्रस्तावित है।

उत्तर रेलवे द्वारा छठ पर्व के अवसर पर विशेष रूप से देश के पूर्वी भागों में अपने घर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर व्यापक प्रबंध किए गए ।आज दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख रेलवे स्टेशनों से कुल 27 विशेष रेलगाड़ियां (आनंद विहार टर्मिनल से 9, नई दिल्ली से 6, शकूरबस्ती से 5, हजरत निजामुद्दीन से 3, दिल्ली जंक्शन से 3 तथा रोहतक से 1) प्रस्थान करने के लिए निर्धारित है। कल दिनांक 09.11.2026 को, दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ की निगरानी के आधार पर, पहले से तय 23 पूर्व-निर्धारित विशेष ट्रेनों के अलावा, अल्प अवधि सूचना पर 6 अतिरिक्त अनारक्षित विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई गईं। दिनांक 11 नवंबर 2026 को दिल्ली क्षेत्र के प्रमुख स्टेशनों से 31 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन प्रस्तावित है। आज भी, यात्रियों की भीड़ की निगरानी करते हुए जरूरत के हिसाब से अतिरिक्त विशेष ट्रेनों की योजना बनाई जाएगी। मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधकों एवं मुख्यालय व मण्डल के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भीड़ की लगातार निगरानी की जा रही ।

अनियंत्रित लग्जरी कार डिवाइडर से टकराकर पलटी

गोरखपुर, १० नवम्बर। गोरखनाथ थाना क्षेत्र के भगवती इण्टर कालेज के समीप मंगलवार को दोपहर लगभग १२:३० बजे होश उड़ा देने वाली घटना हुई। यहां धर्मशाला बाजार से गोरखनाथ जाते समय तेज रफ्तार लग्जरी कार टाटा हैरियर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर ५ फुट ऊपर उछल गई और अपने आगे चल रही मारुती ८०० कार से टकराकर सड़क पर पलट गई। घटना में हैरियर बूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई जबकि मारुती का शीशा टूट गया। संयोग अच्छा रहा कि दोनों ही कार में सवार लोग सुरक्षित बच गये। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना के वक्त मौके से गुजर रहे सांसद रवि किशन भी रास्ते में रुक गये और क्षतिग्रस्त कार के पास पहुंचकर उसमें सवार लोगों को बाहर निकालने में मदद की। लोगों का कुशलक्षेम पूछा और पुलिस को तत्काल गाड़ियों को हटवाने के निर्देश दिये। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि हैरियर कार बिहार प्रांत के गोपालगंज निवासी दिग्विजय सिंह के नाम पर पंजीकृत है। कार चालक किसी को लेने के लिए एयरपोर्ट आया था, वह तेजी में दवा लेने गोरखनाथ की तरफ जा रहा था क्योंकि उसे समय से एयरपोर्ट पहुंचना था। पुलिस ने बताया कि मारुती कार में चालके साथ एक १५ वर्षीय बालक भी सवार था। सभी वाहन चालक सुरक्षित है। वाहनों को जब्त कर लिया गया है आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

गरीबों के निवाले पर डाका! जांच में 97 क्विंटल से अधिक खाद्यान्न गायब

गोरखपुर, १० नवम्बर। गरीबों को मिलने वाले सरकारी राशन के वितरण में बड़ी अनियमितता का मामला सामने आया है। डुमरी खास की उचित मूल्य की दुकान की जांच में खाद्यान्न और चीनी के स्टॉक में भारी अंतर मिलने पर कोटेदार माया देवी के खिलाफ चौरीचौरा थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। चौरी चौरा प्रतिनिधि के अनुसार पूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच के दौरान दुकान पर गेहूं, चावल और चीनी का कुल स्टॉक निर्धारित मात्रा से कम पाया गया था। इसके बाद दुकान पर नया ताला लगवाकर उपलब्ध खाद्यान्न प्रशासन की सुपुर्दगी में दे दिया गया। जिलाधिकारी के आदेश पर तीन नवंबर को तहसीलदार चौरीचौरा संजय सिंह, बीडीओ सरदारनगर आसिफ अखलाक और क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुयश कृष्ण की संयुक्त टीम ने दुकान का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान कोटेदार माया देवी दुकान पर मौजूद नहीं मिलीं। टीम ने फोन कर उन्हें बुलाया तो वह स्वयं नहीं पहुंचीं और अपने पति हेमंत पांडेय को दुकान पर भेज दिया। पति ने बताया कि बेटे की तबीयत खराब होने के कारण माया देवी उसे इलाज कराने गोरखपुर गई हैं। जांच के दौरान दुकान पर रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड, साइन बोर्ड और टोल फ्री नंबर जैसी अनिवार्य सूचनाएं भी प्रदर्शित नहीं मिलीं। टीम ने खाद्यान्न का स्टॉक रजिस्टर मांगा, लेकिन वह भी प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद पति की मौजूदगी में दुकान खुलवाकर भौतिक सत्यापन किया गया। दुकान में 123 बोरी चावल और 22 बोरी गेहूं मिला। सभी बोरियां मशीन से सिली हुई थीं और प्रत्येक का वजन लगभग 50 किलोग्राम था। ई-पॉस मशीन की एमआईएस रिपोर्ट और भौतिक स्टॉक का मिलान करने पर 17.648 क्विंटल गेहूं, 79.222 क्विंटल चावल तथा 0.78 क्विंटल चीनी कम पाई गई। वहीं, जुलाई, अगस्त और सितंबर 2026 में भी दुकान से 35 प्रतिशत से कम खाद्यान्न वितरण होने का मामला सामने आया था। जांच टीम ने मौके पर स्पॉट मेमो तैयार कर संबंधित लोगों के हस्ताक्षर भी कराए थे। पूर्ति निरीक्षक शिवाश्रय सिंह की तहरीर पर अब चौरीचौरा पुलिस ने आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

स्वदेशी और समरसता के प्रणेता दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर स्मरण कार्यक्रम आयोजित



गोरखपुर,१०नवम्बर। भारतीय मजदूर संघ, भारतीय किसान संघ और स्वदेशी जागरण मंच के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती के अवसर पर स्वदेशी व्यापारी मंच, जिला गोरखपुर द्वारा एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डिस्काउंट बुक स्टोर, बक्शीपुर, गोरखपुर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने उनके जीवन दर्शन, स्वदेशी अर्थव्यवस्था और सामाजिक समरसता के विचारों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक धीरज राय ने कहा कि ठेंगड़ी ने हमें सिखाया कि स्वदेशी केवल वस्तुओं का चुनाव नहीं, बल्कि जीवन जीने की पद्धति है। स्वदेशी का अर्थ है अपने देश, अपने समाज और अपनी प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व का भाव। उन्होंने कहा कि जब तक स्वदेशी हमारे विचार से उतरकर हमारे व्यवहार और व्यापार में नहीं आएगा, तब तक राष्ट्र का पुनर्निर्माण संभव नहीं होगा। आज आवश्यकता है कि हम स्वदेशी को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं और समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसके लाभ को पहुंचाएं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. फूलचन्द प्रसाद गुप्त ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी मानवता की मौलिक इकाई राष्ट्र को मानते थे। उनका स्पष्ट मानना था कि हम सभी भारतीय मिलकर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करें। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता के बिना सामाजिक समता असम्भव है। यदि इस दिशा में हमें आगे बढ़ना है, तो केवल वैचारिक नहीं बल्कि व्यावहारिक आचरण करके दिखाना होगा।स्वदेशी व्यापारी मंच के गोरक्ष प्रांत विभाग एवं जिला संयोजक सौरभ कुमार सिंह ने कहा कि ठेंगड़ी जी का मानना था कि स्वदेशी अर्थव्यवस्था के लिए चलाए जा रहे आंदोलन का मुख्य लक्ष्य समता और समानता होना चाहिए। हमें प्रकृति का दोहन नहीं, बल्कि उसका उपयोग केवल उतना ही करना चाहिए जिससे वह नष्ट न हो। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इसी स्वदेशी व्यवस्था के माध्यम से स्वरोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध हो सकते हैं।कार्यक्रम में स्वदेशी व्यापारी मंच, जिला गोरखपुर के प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। उपस्थित कार्यकर्ताओं में दिलीप जायसवाल, नवोदित त्रिपाठी, सुनील मणि त्रिपाठी, अमर चौबे, नारायण चौरसिया, आलोक गुप्ता, घनश्याम जायसवाल, प्रमोद दूबे, योगेश पांडेय, देवेश सिंह, अजीत पाल, मणिशंकर पाल, दीपक मंडल, राणा प्रताप पाठक, शिवानंद श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, अनंत , परमात्मा धर दूबे और कमल नयन सिंह शामिल रहे।